हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

27 दिसंबर 2024, समय 1810

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कल राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई मंत्रीयों और वरिष्ठ नेताओं ने डॉ मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत 3 हजार 882 लाभार्थियों के बैंक खातों में 144 करोड़ 73 लाख रुपये की राशि जारी की ।
- आज चंडीगढ़ और हरियाणा के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक कोहरा पड़ने और शीत लहर चलने की संभावना व्यक्त की।

*******************************************************

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कल राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम यात्रा कल सवेरे

साढे नौ बजे नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से शमशान घाट तक जाएगी।पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को आज राष्ट्रीय राजधानी स्थित उनके आवास पर जनता के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. सिंह उन असाधारण राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से सहजता से काम किया।उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री को एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बताया, जिन्होंने भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा -

श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा राष्ट्र शोक में है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे पी नडडा, राजनाथ सिंह और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के निवास पर जाकर उन्हें पुष्पाजंलि दी।श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री कोविन्द ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह विनम्रता का उदाहरण और भारतीय अर्थ व्यवस्था के वास्तुकार थे।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर अपनी संवेदना प्रकट की है।कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि कल सुबह उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस कार्यालय ले जाया जाएगा, जहां जनता तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिलेगा।काबिलेगौर है कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक भारत के 13वें प्रधानमंत्री रहे।

*******************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में शोक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई।मंत्रिमंडल ने सरकार और समूचे राष्ट्र की ओर से डॉ॰ मनमोहन सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

*******************************************************

हरियाणा के राज्यपाल  बंडारू दत्तात्रेय ने  पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक अनुभवी राजनीतिज्ञ, कुशल अर्थशास्त्री और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने अपना जीवन देश के लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।राज्यपाल ने कहा कि देश के विकास में उनके योगदान व लोगों के कल्याण के लिए उनकी प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा।

*******************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है ।

चंडीगढ़ में जारी शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी को हमेशा ही सादगी और विद्वता के लिए याद किया जाएगा

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें यह दुःख सहने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना भी की ।

*******************************************************

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर संवेदना व्यक्त की है ।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है।श्री राणा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे न केवल एक कुशल अर्थशास्त्री थे बल्कि एक दूरदर्शी राजनेता और भारतीय राजनीति के एक महत्वपूर्ण स्तंभ भी थे।

*******************************************************

पंजाब में, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कॉलेज में भी उन्हें याद किया जा रहा है। डॉ. मनमोहन सिंह ने अमृतसर के हिंदू कॉलेज से शिक्षा पाई थी। अमृतसर में इस महान अर्थशास्त्री का परिवार विभाजन के बाद रहने आया था। उनके दिल में कॉलेज के लिए विशेष स्थान था, क्योंकि इसी संस्थान ने अर्थशास्त्र में उनकी रुचि पैदा की ।कॉलेज के प्रिंसिपल श्री संजय खन्ना ने कहा कि कल एक प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी पूर्व छात्र भाग लेकर धरतीपुत्र को श्रद्धांजलि देंगे। श्री खन्ना ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने 1951 से 53 तक यहां पढ़ाई की और अर्थशास्त्र उनका पसंदीदा विषय था। प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री और कृषि लागत तथा मूल्य आयोग के अध्यक्ष श्री सरदारा सिंह जोहल ने डॉ. मनमोहन सिंह को बेहतरीन व्यक्ति बताया, जिसे राष्ट्र ने खो दिया है।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करमजीत सिंह ने कहा है कि डॉ. मनमोहन सिंह की विनम्रता और बुद्धिमत्ता लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी।

*****************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना, दयालु-प्रथम के तहत 3 हजार 882 लाभार्थियों के बैंक खातों में 144 करोड़ 73 लाख रुपये की राशि जारी की है। अंत्योदय परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई इस योजना के तहत परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता के कारण वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों को सहायता प्रदान की जाती है।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 20 हजार 399 पात्र परिवारों को पहली अप्रैल 2023 से 30 जून 2024 तक 763 करोड़ 69 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। यह राशि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में दी जा रही है।

*****************************************************

आज चंडीगढ़ और हरियाणा के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक कोहरा पड़ने और शीत लहर चलने की संभावना व्यक्त की है। कैथल से हमारे संवाददाता ने जिले में बरसात व ओलावृष्टि होने और एकाएक ठंड बढ़ने की खबर दी है। कैथल में दिन भर बरसात होने का सिलसिला जारी रहा।भिवानी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज हुई बरसात से किसान खुश हैं। भिवानी कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. देवीलाल ने बताया कि रात्रि तापमान चार से पांच डिग्री बना हुआ था, उसमें अब आने वाले दिनों में बढ़ोत्तरी होगी तथा दिन का तापमान जो 18 से 20 डिग्री बना हुआ था उसमें गिरावट आएगी।

डॉ देवीलाल ने बताया -

उन्होंने कहा कि इस बरसात से अब किसानों को लगभग जनवरी माह सिंचाई की आवश्यकता नहीं रहेगी। जिससे किसानों का समय व धन बचेगा।इस बीच पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शीत  लहर के चलते एडवाइज़री जारी की है। उपायुक्त ने आम नागरिकों से सर्दी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

********************************************************

हरियाणा के सभी स्कूलों में पहली जनवरी से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया है । विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा इस संबंधी अधिसूचना जारी की गई है।

********************************************************

कैथल जिले के गुहला पंचायत समिति के चुनाव में सुखविंद्र कौर अध्यक्ष चुनी गई । कुल 22 सदस्यों वाली गुहला पंचायत समिति में सुखविंद्र कौर को 20 सदस्यों का समर्थन मिला। सुखविंद्र कौर के मुकाबले किसी भी सदस्य ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन नहीं भरा। निवर्तमान अध्यक्ष डिंपल व एक अन्य सदस्य ने चुनाव में भाग नहीं लिया।